>

Title: Need to check felling of forest trees and smuggling of Teak in the country.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष जी, मैं देश में अवैध और चोरी से जंगल कटाई के बारे में कहना चाहूंगा। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर जो साउथ बस्तर, बीजापुर डिवीजन-सिरोंचा डिवीजन असरली रेंज है, यहां इसे साइट-1 जंगल कहा जाता है, यहां पर 200-300 की संख्या में अपराधी गिरोह के लोग आते हैं और अच्छी क्वालिटी के सागवान के जंगल को काटने का काम करते हैं। यहां फोरेस्ट अधिकारी कहते हैं कि यह 200-300 वर्ष पुराना जंगल है जहां पर सागवान के पेड़ हैं जो अल्लापुरी टीकवुड के नाम से दुनिया में जाने जाते हैं और ये अच्छे क्वालिटी के टीकवुड को अवैध तरीके से कटाई करके यहां के चोरी करने वाले गिरोह के लोग इंद्रावती नदी के द्वारा बहाकर गोदावरी नदी तक ले जाते हैं और फिर गोदावरी नदी से बहाकर आंध्र प्रदेश के करीमनगर जिले में डम्प करके लकड़ी की चोरी और तस्करी करते हैं। [r9]

MR. SPEAKER: Hon. Members, what are you doing there? Please go to the lobby. This is very unfortunate. I am happy that the children are more disciplined than you are.

श्री हंसराज गं. अहीर : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से करोड़ों रुपयों का सागवान का जंगल काटा गया है और आंध्र प्रदेश की पुलिस महाराष्ट्र की पुलिस और छत्तीसगढ़ की पुलिस को किसी प्रकार की मदद नहीं कर रही है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is this meeting going on? Please go to the lobby.

SHRI GURUDAS DASGUPTA: Sir, you are threatening everyday.

MR. SPEAKER: Please do not disturb this hon. Member. He is raising a very important matter.

श्री हंसराज गं. अहीर : अध्यक्ष महोदय, आंध्र प्रदेश की पुलिस चोरी का धंधा करने वाले लोगों को बढ़ावा दे रही है। मैं आपके माध्यम से, विशेष कर गृह मंत्री और पर्यावरण मंत्री से विनती करता हूं कि इस अवैध जंगल कटाई को रोकने के लिए तीनों राज्यों के पीसीसीएफ, आईजी पुलिस की एक मीटिंग दिल्ली में बुलाएं तथा चोरी रोकने के लिए एक अच्छा कार्यक्रम बनाकर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सहायता करें।

MR. SPEAKER: That was a very important issue.

Shri Ravi Prakash Verma - Not present.